हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 12 जून 2026

06 सिद्ध सागर तालाब में डूबे तीन मासूम, गांव में छाया...



09 फजीहत से बचने पहले अतिरिक्त कांटे लगाकर ...





## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही पर नोटिस जारी

**सागर।** निर्वाचन आयोग के आदेशों के परिपालन में नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य प्राधिकृत कर्मचारियों के माध्यम से कराया जा रहा है। इस कार्य में लापरवाही बरतने पर जनपद पंचायत सागर के 7 प्राधिकृत कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सागर एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जनपद पंचायत सागर अमन मिश्रा द्वारा प्राधिकृत कर्मचारी मनीष सोनी, जयराम लोधी बरौदा रहली, कृष्ण मुरारी यादव पथरिया जाट, द्रोपती अहिरवार खेजराबाग, प्रवेन्द्र ठाकुर चावड़ा, देवेन्द्र ठाकुर किशनपुरा एवं मुकेश पाण्डे गिरवर को नोटिस जारी कर एक दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित कर्मचारियों का जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक 20 जून को

**सागर।** कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में आगामी 20 जून को रबी सीजन 2025-26 की समीक्षा एवं खरीफ सीजन 2026-27 की तैयारियों की बैठक कलेक्टर कार्यालय सागर के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 जून को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 1 बजे तक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, सहकारिता विभाग तथा संबद्ध संस्थानों की बैठकें होंगी। इसी प्रकार अपराह्न 2 बजे से शाम 6 बजे तक पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विभाग तथा संबद्ध संस्थाओं की संभागीय समीक्षा बैठकें होंगी।

### आबकारी अमले द्वारा अवैध अहातों पर कार्रवाई

**सागर।** आबकारी विभाग द्वारा सागर शहरी क्षेत्र में देर रात तक सघन गश्त की गई। गश्त के दौरान रात्रि 11:30 बजे मदिरा दुकानों के समयानुसार बंद होने की जांच की गई। गश्त के दौरान मदिरा दुकानों के समीप संचालित अवैध अहातों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 2 प्रकरण दर्ज किए गए। कार्यवाही गुजराती बाजार, कटरा, जवाहरगंज, स्टेशन रोड, गोपाल गंज, मधुकरशाह वार्ड, तिली, राजीव नगर, शास्त्री वार्ड, पूर्वयाऊ, गऊघाट एवं सिविल लाइन क्षेत्रों में की गई। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरापान एवं आबकारी नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध सतत प्रवर्तन कार्यवाही जारी है।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**सागर।** आयुक्त संचनालय आयुष, कलेक्टर एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. जोगेंद्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर भड़राना बंडा द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र, ग्राम बिलौआ में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में ग्रामीणों को आगामी "विश्व योग दिवस" के अंतर्गत 100 दिवस काउंटडाउन के बारे में जानकारी देकर योग के लिए प्रोत्साहित किया गया एवं योग अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही "100 दिवस टीवी मुक्ति भारत अभियान" तथा निक्षय अभियान के अंतर्गत टीबी रोग के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। टीबी में आयुष औषधियों के उपयोग संबंधी जानकारी भी दी गई।शिविर में ग्रामीणों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श दिया गया तथा निशुल्क आयुष औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में कुल 80 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया।

अपैक्स बैंक प्रशासक ने सागर संभाग के जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# सहकारी समितियों में सदस्यता वृद्धि और किसानों को समय पर ऋण व खाद उपलब्ध कराने पर दें विशेष ध्यानः महेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

अपैक्स बैंक के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव ने सागर संभाग के जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों की विभागीय समीक्षा बैठक जिला सहकारी बैंक सागर के सभागार में आयोजित की। बैठक में उन्होंने प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं में सदस्यता वृद्धि अभियान तथा खरीफ 2026 के लिए किसानों को ऋण वितरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। सरकार किसानों एवं सर्वहारा वर्ग के हितों के संरक्षण और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सतत प्रयासरत है। किसानों को कृषि एवं सहकारिता क्षेत्र की योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के उद्देश्य से अपैक्स बैंक द्वारा 14 अप्रैल 2026 से 30 जून 2026 तक 10 लाख किसानों को सहकारिता से जोड़ने के लिए सदस्यता महाअभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि किसानों से 500 रुपये अंश पूंजी एवं 100 रुपये सदस्यता शुल्क प्राप्त कर उन्हें सहकारी संस्थाओं का सदस्य बनाया जाए, जिससे वे शून्य प्रतिशत ब्याज सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने समिति प्रबंधकों को सदस्यता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने तथा जिला बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इसकी सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में यादव ने ऋण वसूली पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी ऋण वसूली के लिए निरंतर प्रयास करें, जिससे सहकारी बैंक वित्तीय रूप से मजबूत बनें और सहकारी आंदोलन निरंतर प्रगति करता रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान का उल्लेख करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए घर, कार्यालय एवं संस्थानों में पौधारोपण किया जाना चाहिए। साथ ही किसानों को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से जोड़ने के प्रयास भी किए जाएं, ताकि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकें।



यादव ने निर्देश दिए कि आगामी खरीफ सीजन 2026 में किसानों को खाद वितरण में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। समितियों के माध्यम से किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने के लिए विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही बैंक के सभी शाखा प्रबंधकों एवं अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यदि किसी प्रकार की व्यावहारिक समस्या शासन स्तर पर हो तो उन्हें अवगत कराया जाए, ताकि उसका शीघ्र निराकरण कराया जा सके।

बैठक का संचालन आईटी मैनेजर आशीष राजोरिया एवं सहायक प्रबंधक अनुराग द्वारा किया गया। इस अवसर पर संभागीय शाखा प्रबंधक अपैक्स बैंक सागर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीरज दुरेजा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक के अंत में अपैक्स बैंक के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव का बैंक प्रबंधन एवं कर्मचारी यूनियन द्वारा शाल-श्रीफल, स्मृति चिन्ह तथा बुंदेली परंपरा के अनुसार साफा बांधकर स्वागत किया गया।

बैठक में अपैक्स बैंक के ओएसडी अभय प्रधान, संभागीय शाखा प्रबंधक वर्मन, सुशील शुक्ला, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सागर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीरज दुरेजा, एस.के. कनोजिया पन्ना, अभिषेक मोहन व्यास दमोह, शिवम शाह छतरपुर, अनुपम पांडेय टीकमगढ़, सुश्री रितु मीना, प्रबंधक लेखा, राजेश जैन, विपणन प्रभारी तथा अरविंद पांडेय, फील्ड प्रभारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक उपरांत यादव ने अधिकारियों के साथ बैंक परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

## करोड़ों की पैतृक जमीन के कथित फर्जी नामांतरण पर दो लोगों पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर जिले में करोड़ों रुपये मूल्य की पैतृक जमीन के कथित फर्जी नामांतरण और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर लाभ प्राप्त करने का मामला सामने आया है। गोपालगंज थाना पुलिस ने जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैतूल निवासी वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. बसंत कुमार श्रीवास्तव (73 वर्ष) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके ही सगे रिश्तेदारों ने उनकी पैतृक भूमि से संबंधित दस्तावेजों में कथित रूप से फर्जीवाड़ा कर नामांतरण कराया गया है। शिकायत में अभिसार श्रीवास्तव और कपिल श्रीवास्तव को आरोपी बनाया गया था।

शिकायत की जांच के दौरान पुलिस ने आवेदक के कथन दर्ज किए तथा तहसील कार्यालय से राजस्व अभिलेख और संबंधित दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त की। जांच में सामने आया कि कथित रूप से शपथ पत्र ,कूट रचित दस्तावेज एवं फर्जी हस्ताक्षर के आधार पर भूमि का फौती नामांतरण कराया गया, जबकि शिकायतकर्ता का दावा है कि उस समय रिकॉर्ड में दर्ज तथ्यों और वास्तविक पारिवारिक स्थिति में अंतर था।

डॉ. श्रीवास्तव ने अपने आवेदन में बताया कि उनके पिता स्वर्गीय डॉ. शिवप्रसाद श्रीवास्तव द्वारा गोपाल गंज क्षेत्र स्थित भूमि उनके नाम किए जाने का उल्लेख पूर्व में पंजीकृत दस्तावेजों में भी है। उनका आरोप है कि कूटरचित दस्तावेज तैयार कर पैतृक संपत्ति से संबंधित राजस्व रिकॉर्ड में परिवर्तन कराया गया, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक क्षति पहुंचाने का प्रयास किया गया।

पुलिस जांच के आधार पर प्रथम दृष्टया अपराध प्रमाणित पाए जाने पर आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 467 (मूल्यवान अभिलेख की जालसाजी), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी), 471 (फर्जी दस्तावेज का उपयोग), 120-बी (आपराधिक षड्यंत्र) तथा 34 (समान आशय) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

गोपालगंज थाना पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है। दस्तावेजों की सत्यता, भूमि स्वामित्व संबंधी रिकॉर्ड तथा अन्य साक्ष्यों की जांच के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



## नियमित योगाभ्यास से ही संभव है विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकासः प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता

**सागर।** शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय, सागर में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक उत्थान के उद्देश्य से 20 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष शिविर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है, जिसका संचालन सुप्रसिद्ध योगाचार्य भगत सिंह एवं डॉ. वंदना कटारे द्वारा किया जा रहा है।स्वस्थ जीवनशैली और एकाग्रता के लिए योग अनिवार्य उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने वर्तमान दौर में योग की प्रासंगिकता और इसके महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से न केवल मानसिक तनाव कम होता है, बल्कि विद्यार्थियों में एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जो उन्हें शैक्षणिक ऊंचाइयों को छूने में मदद करता है। शिविर में छात्र-छात्राओं सहित महाविद्यालय स्टाफ ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न आसनों व प्राणायाम का अभ्यास किया तथा इसे अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया।20 दिनों तक दी जाएगी विशेष ट्रेनिंग, मिलेंगे प्रमाण-पत्रमहाविद्यालय प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह योग शिविर आगामी 20 दिनों तक प्रतिदिन सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया जाएगा। शिविर के सफल समापन पर सभी नियमित सहभागी छात्र-छात्राओं को उनकी सक्रिय उपस्थिति के लिए संस्था की ओर से प्रमाण-पत्र भी वितरित किए जाएंगे।इस गरिमामयी उद्घाटन अवसर पर डॉ. प्रतिभा जैन, डॉ. अवधेश प्रताप सिंह, डॉ. अभिलाषा जैन, डॉ. जय नारायण यादव एवं सुरेंद्र यादव सहित महाविद्यालय परिवार के वरिष्ठ प्राध्यापक, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





## लोकतंत्र की हत्या के खिलाफ कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगाः सुरेन्द्र चौधरी

**सागर।** राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन षड्यंत्रपूर्वक निरस्त कर लोकतंत्र की हत्या किए जाने तथा इस अलोकतांत्रिक एवं पक्षपात पूर्ण निर्णय के विरोध में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशव्यापी आव्हान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नरयावली के तत्वावधान में पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी एवं नरयावली विधानसभा प्रभारी लक्ष्मण सिंह ठाकुर की मुख्य उपस्थिति में उप तहसील कार्यालय नरयावली के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर तीखा विरोध दर्ज कराया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन आयोग एवं भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक मूल्यों पर सीधा हमला है। यह निर्णय पूरी तरह पक्षपातपूर्ण है तथा लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास है। कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के खिलाफ लगातार संघर्ष करेगी। नरयावली विधानसभा प्रभारी लक्ष्मण सिंह ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र में निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सर्वोपरि होती है, लेकिन जिस प्रकार विपक्ष की उम्मीदवार को चुनावी प्रक्रिया से बाहर करने का प्रयास किया गया है, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस पार्टी आमजनों की आवाज बनकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेंगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नरयावली के अध्यक्ष शिवपाल यादव ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है।

## सागर ई-बस सेवाः तय समय में पूरे करें बिजली और सिविल के कामः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शहर के लिए महत्वाकांक्षी पीएम ई-बस सेवा योजना के क्रियान्वयन और प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को तय समय में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर ने ई-बसों के संचालन के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे की धीमी प्रगति पर अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन और पावर कनेक्शन से जुड़े सभी लंबित कार्यों को 30 जून तक हर हाल में पूर्ण किया जाएं। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि चूंकि शहर पीएम बस सेवा के अंतर्गत चुना गया है और शहर में बसें पहले से ही उपलब्ध हैं, इसलिए इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी के कारण जनता को इस आधुनिक परिवहन सेवा से और अधिक वंचित नहीं रखा जा सकता।



बैठक में न्यू आरटीओ ऑफिस के पास तिलीमाफ़ी में बन रहे ई-बस डिपो के विद्युतीकरण की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने विद्युत वितरण कंपनी और ट्रांसमिशन विभाग के अधिकारियों को समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। डिपो परिसर में निर्माणाधीन 1.5 एमवीए, 33 केवी सब-स्टेशन और सुआताला फीडर से 1500 केवीए ईवी चार्जिंग स्टेशन के लिए बिजली लाइन खींचने के काम को 30 जून तक पूरा करने की समय-सीमा तय की गई है।

### सिविल वर्क्स की समीक्षा

कलेक्टर ने सागर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड और सिविल विंग को डिपो के भीतर चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने को कहा। वर्तमान स्थिति की समीक्षा में पाया गया कि, डिपो के संचालन के लिए सबसे महत्वपूर्ण कंट्रोल रूम का काम मौके पर तेजी से चालू है। बसों की तकनीकी जांच और मरम्मत के लिए बनने वाले मेंटेनेंस पिट और प्रशासनिक भवन के सिविल कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। कलेक्टर ने सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर के और इलेक्ट्रिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए स्वीकृत बजट का सही और त्वरित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि योजना के तहत प्रस्तावित शहरी और उप-शहरी रूट्स पर बसों का ट्रायल और संचालन इस तरह से प्लान किया जाए कि बिजली का काम पूरा होते ही बसें सड़कों पर दौड़ने लगें। बैठक में सागर एसडीएम अमन मिश्रा, एस ई एमपीईबी प्रभाकर सहित अन्य अधिकारी, कॉन्ट्रैक्टर उपस्थित थे।





## समर कैंप में बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

**सागर।** यशोदा बाई शैक्षणिक संस्थान एवं श्री विद्याश्रम पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम सागौनी पुरैना में आयोजित समर कैंप में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न रचनात्मक एवं शारीरिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कैंप का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है, ताकि वे शिक्षा के साथ कला, संस्कृति और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी आगे बढ़ सकें। समर कैंप के दौरान बच्चों को योग, क्ले आर्ट (मिट्टी कला), खेल-कूद, व्यक्तित्व विकास, समूह गतिविधियां तथा मनोरंजक शिक्षण के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। बच्चों ने मिट्टी से भगवान गणेश, घर, पेड़-पौधे, राष्ट्रीय प्रतीक एवं अन्य आकर्षक कलाकृतियां बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कैंप में प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जा रहा है, जिससे बच्चों में अनुशासन, एकाग्रता एवं शारीरिक स्वास्थ्य का विकास हो रहा है। साथ ही विभिन्न खेल गतिविधियों के माध्यम से टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। अधिवक्ता राम नरेश सिंह राजपूत के मार्गदर्शन व मधुर गोस्वामी के कुशल नेतृत्व में समर कैंप का विधिवत आयोजन किया जा रहा है, जिसमें वरिष्ठ साहित्यकार वृन्दावन राय सरल, प्राची राजपूत, सिमरन राजपूत व अमित आठिया का विशेष सहयोग है। इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों की गर्मी की छुट्टियों को उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बनाना है। बच्चों और अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत लाभदायक बताया। समर कैंप में बड़ी संख्या में बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं तथा सीखने के साथ-साथ आनंद भी ले रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रही हैं।

पार्टी के अभियान की समीक्षा की, बैठक में पहुंचे अपेक्स बैंक अध्यक्ष महेन्द्र यादव का स्वागत हुआ

# खुरई विधानसभा क्षेत्र के छह भाजपा मंडलों की संयुक्त बैठक को पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि पार्टी जब भी जो जिम्मेदारी देती है उसे परिश्रम और समर्पण से पूरा किया जाना ही श्रेष्ठ कार्यकर्ता की पहचान है। एक कार्यकर्ता के रूप में सफलता का एकमात्र सूत्र यही है कि पार्टी से जो काम मिले वह काम छोटा है या बड़ा यह विचार किए बिना पूरी लगन और समर्पण से सफलतापूर्वक वह काम करना चाहिए। यह मार्गदर्शन पूर्व भूपेन्द्र सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में 12 वर्ष पूरे होने पर 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के कार्यक्रम के तहत खुरई विधानसभा क्षेत्र में 5 जून से 21 जून तक हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं को दिया है।

पूर्व गृहमंत्री ने हाल ही में निर्वाचित राज्य सभा सदस्यों रजनीश अग्रवाल व महेश केवट का उदाहरण देते हुए कहा कि हम सभी ने इन दोनों नेताओं को साधारण कार्यकर्ता के रूप में लंबे समय तक बिना किसी महत्वाकांक्षा के अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करते हुए देखा है। दोनों को पार्टी ने वह जिम्मेदारी दी जिसके बारे में उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था। राज्यसभा सांसद के रूप में इनका निर्वाचन सभी सामान्य कार्यकर्ताओं को एक संदेश है कि पार्टी कैसे एक सामान्य कार्यकर्ता को शिखर तक पहुंचाती है, और यह सिर्फ भाजपा में भी संभव है। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने बैठक में बताया कि 12 जून को खुरई के महाकाली टीन शेड में तथा मालथौन के बस स्टैंड परिसर में अनुविभाग स्तरीय जनकल्याण शिविर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत से संबंधित सभी समस्याओं और आवेदनों का निराकरण होगा। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी मंडल पदाधिकारी अपने मंडलों में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करें। बैठक में खुरई विधानसभा क्षेत्र के सभी छह भाजपा मंडलों खुरई नगर, खुरई ग्रामीण, धनौरा, बांदरी, बरोदिया कलां एवं मालथौन मंडलों के दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में सभी भाजपा मंडल अध्यक्षों ने जानकारी रखी और बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी मंडलों में ष्एक पेड़ मां के नामष कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसके अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया और आगामी वर्षाकाल में पूरे विधान सभा क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण कार्य किए जाने का संकल्प लिया गया। 8-9 जून को विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत सभी मंडलों में स्वच्छता, वृक्षारोपण और जल स्त्रोतों की सफाई के कार्यक्रम अनेक स्थानों पर आयोजित हुए जिनमें सभी जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी शामिल हुए। 10-15 जून तक प्रगति पर यात्रा के तहत हनौता पर्यटन स्थल, बीना नदी परियोजना जैसे प्राथमिकता वाले परियोजना स्थलों का भ्रमण तथा प्रचार प्रसार का अभियान संचालित है। साथ ही विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत क्षेत्र के महत्वपूर्ण और वरिष्ठजनों से सभी भाजपा पदाधिकारी तथा शक्ति केंद्र टोली के सदस्यों द्वारा भेंट का क्रम आरंभ किया गया है।



### अपेक्स बैंक अध्यक्ष महेन्द्र यादव का स्वागत किया

बैठक स्थल सभाकक्ष में पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह से भेंट करने पहुंचे अपेक्स बैंक के अध्यक्ष महेन्द्र यादव का भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में खुरई व सागर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

### एक ही परिवार से उठी तीन अर्थियां, तालाब में नहाने गए थे बच्चे

# सिद्ध सागर तालाब में डूबे तीन मासूम, गांव में छाया मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के ग्राम अस्तोंन में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया। गांव स्थित सिद्ध सागर तालाब में नहाने गए अहिरवार समाज के तीन मासूम बच्चों की पानी में डूबने से मौत हो गई। एक ही हादसे में तीन बच्चों की मौत की खबर मिलते ही पूरे गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव का माहौल शोक में डूब गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीनों बच्चे गुरुवार दोपहर सिद्ध सागर तालाब में नहाने के लिए गए थे। बताया जा रहा है कि नहाते समय वे तालाब के गहरे हिस्से में पहुंच गए और पानी में डूबने लगे। बच्चों के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। ग्रामीणों ने तत्काल बचाव प्रयास शुरू करते हुए बच्चों को तालाब से बाहर



निकाला, लेकिन उनकी सांसें थम चुकी थीं। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने आवश्यक पंचनामा कार्रवाई के बाद तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हृदयविदारक हादसे के बाद ग्राम अस्तोंन में शोक की लहर दौड़ गई है। मृत बच्चों के परिजनों को ढांढस बंधाने के लिए ग्रामीणों और समाज के लोगों का तांता लगा हुआ है। गांव में हर आंख नम है और लोग इस दुखद घटना को लेकर स्तब्ध हैं। एक ही परिवार और समाज के तीन मासूमों की असमय मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। ग्रामीणों ने तालाबों और जलाशयों के आसपास सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने तथा बच्चों की निगरानी बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## तेज रफ्तार सोना बस के कहर से गई फेरी लगाने वाले की जान

**टीकमगढ़।** जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बम्होरी खास में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। टीकमगढ़ से झांसी जा रही सोना कंपनी की तेज रफ्तार बस ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद एंबुलेंस के विलंब से पहुंचने पर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने झांसी मार्ग पर जाम लगा दिया। करीब 45 मिनट बाद एंबुलेंस और पुलिस के पहुंचने पर स्थिति सामान्य हो सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह लगभग 11 बजे ग्राम बम्होरी खास के पास सोना कंपनी की बस ने बाइक सवार युवक को सामने से टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सड़क पर गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। उसके सिर में गंभीर चोटें आईं और वह करीब 20 मिनट तक सड़क पर तड़पता रहा। ग्रामीणों ने तत्काल 108



एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन आरोप है कि एंबुलेंस करीब 40 से 45 मिनट की देरी से मौके पर पहुंची। इस दौरान घायल युवक ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद बस चालक और स्टाफ बस को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गए। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और राहगीर मौके पर जुट गए। एंबुलेंस के समय पर नहीं पहुंचने से नाराज लोगों ने झांसी टीकमगढ़ मार्ग पर जाम लगा दिया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। सूचना मिलने पर दिगौड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाइश दी। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद सड़क पर लगा जाम खुलवाया और यातायात बहाल कराया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान 35 वर्षीय बालचंद्र कुशवाहा निवासी अनगढ़ा टीकमगढ़ के रूप में हुई है। बताया गया है कि बालचंद्र कुशवाहा फेरी लगाकर सामान बेचने का काम करता था। वह सामान बेचकर बाइक से वापस टीकमगढ़ लौट रहा था, तभी बम्होरी के पास यह हादसा हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। दुर्घटनाग्रस्त बस को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। ग्रामीणों ने इस हादसे के बाद सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने, नियमित चेकिंग कराने करने की मांग की है।

### सीसीटीएनएस रैंकिंग में जिला पुलिस, प्रदेश में नंबर-1

# प्रथम आना गौरव की बात, इसे कायम रखना बड़ी जिम्मेदारी: एसपी मंडलोई

**डिजिटल पुलिसिंग में रचा इतिहास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




आधुनिक एवं तकनीक आधारित पुलिसिंग के क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में जिला पुलिस ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम करते हुए जून माह की राज्य स्तरीय क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स सीसीटीएनएस रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि के साथ जिला पुलिस ने डिजिटल पुलिसिंग के क्षेत्र में नया इतिहास रचते हुए अपनी कार्यकुशलता और तकनीकी दक्षता का परिचय दिया है। इस महत्वपूर्ण सफलता पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिले के सभी पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सीसीटीएनएस से जुड़े कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरी टीम की मेहनत, समर्पण और तकनीकी कौशल का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आधुनिक पुलिसिंग के दौर में तकनीक का प्रभावी उपयोग अपराध नियंत्रण और त्वरित कार्रवाई के लिए अत्यंत आवश्यक है, और टीकमगढ़ पुलिस ने इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। एसपी मंडलोई के निर्देशन में जिले में सीसीटीएनएस कार्यों की नियमित समीक्षा, सतत मॉनिटरिंग तथा गुणवत्ता आधारित मूल्यांकन की मजबूत व्यवस्था विकसित की गई। इसके तहत सीसीटीएनएस ऑपरेटरों को नवीनतम तकनीकी अपडेट, डेटा फीडिंग की शुद्धता, रिकॉर्ड प्रबंधन एवं डिजिटल प्रक्रियाओं से संबंधित प्रशिक्षण लगातार उपलब्ध कराया गया। इसके परिणामस्वरूप कार्यों की गुणवत्ता और दक्षता में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया। जिले के सभी थानों में डिजिटल कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से सीसीटीएनएस ऑपरेटरों के विकल्प के रूप में अतिरिक्त पुलिस कर्मियों को भी प्रशिक्षित किया गया है। इससे किसी भी परिस्थिति में ऑनलाइन रिकॉर्ड प्रबंधन और डिजिटल प्रक्रियाओं पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, यह सुनिश्चित किया गया है। पुलिस द्वारा ई-विवेचना, ऑनलाइन डेटा प्रबंधन, अपराध एवं अपराधियों के डिजिटल रिकॉर्ड संधारण तथा तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग को प्राथमिकता दी गई है। इन प्रयासों से पुलिस कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता को नई मजबूती मिली है, जिसके फलस्वरूप जिले को प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त हुआ है। एसपी मंडलोई ने कहा कि प्रथम स्थान प्राप्त करना गौरव की बात है, लेकिन उसे कायम रखना उससे भी बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से निरंतर सीखने, नवाचार अपनाने तथा तकनीकी दक्षता बढ़ाने की कार्यसंस्कृति को आगे भी बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि टीम भावना, अनुशासन, सतत प्रशिक्षण और जनसेवा के प्रति समर्पण के बल पर टीकमगढ़ पुलिस भविष्य में भी प्रदेश में अपनी अग्रणी पहचान कायम रखेगी।

### तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मारी, घायल

**ललितपुर।** शहर में तेज रफ्तार वाहनों का कहर लगातार लोगों की जान और सुरक्षा पर भारी पड़ रहा है। कोतवाली सदर क्षेत्र में एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने सड़क किनारे अपनी स्कूटी के साथ खड़े युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बिजली, शिक्षा व सुरक्षा समेत 6 मांगों को लेकर सपा का प्रदर्शन



**पलेरा।** जनहित से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी ने तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव के नेतृत्व में पलेरा तहसीलदार को 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नगर एवं क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। सपा कार्यकर्ताओं ने मांग करते हुये कहा कि क्षेत्र में होने वाली अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा उपभोक्ताओं को सही मीटर रीडिंग के आधार पर बिजली बिल उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही विद्युत व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए पलेरा विद्युत विभाग द्वारा एवी स्विच लगाए जाएं, ताकि किसी एक क्षेत्र में तकनीकी खराबी आने पर पूरे नगर की बिजली प्रभावित न हो। नगर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिये पलेरा नगर के प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। शासकीय महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षाएं शीघ्र प्रारंभ करने की मांग करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा के लिए क्षेत्र के विद्यार्थियों को अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक और शैक्षणिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में इंडेन गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी जताते हुये कहा कि गैस सिलेंडरों का वितरण नगर से लगभग तीन किलोमीटर दूर लहर बुजुर्ग में किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं से अतिरिक्त शुल्क न लेने की मांग की। इसके अलावा नगर परिषद पलेरा के वार्ड क्रमांक 10 एवं 11 से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन को जनसुरक्षा की दृष्टि से हटाकर अन्य सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही।

### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम

## हरतला मंदिर में पूर्वमंत्री ने किया जनसंवाद, गिनाईं उपलब्धियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत रविवार को पलेरा स्थित हरतला मंदिर परिसर में देवदर्शन कार्यक्रम एवं जनसंवाद बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राहुल सिंह लोधी ने शामिल होकर कार्यकर्ताओं, प्रबुद्ध नागरिकों एवं क्षेत्रवासियों से संवाद किया तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। कार्यक्रम का शुभारंभ हरतला मंदिर में देवदर्शन एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद आयोजित जनसंवाद बैठक में पूर्व मंत्री राहुल सिंह लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए उन्होंने सरकार की प्रमुख योजनाओं, विकास कार्यों और जनहित से जुड़े प्रयासों की जानकारी उपस्थित लोगों को दी। साथ ही कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर क्षेत्र के सेवानिवृत्त चिकित्सकों, शिक्षकों, समाजसेवियों एवं विभिन्न वर्गों के नागरिकों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंग्या, हरसेवक राजपूत, अवध नापित, सरपंच अंकित गुप्ता, पार्षद मुकेश यादव, कुचया, पार्षद रामकिशोर कुशवाहा सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आगामी जनसंपर्क गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई।

## मानसून से पहले नपा का जेसीबी से सफाई अभियान

**कलेक्टर के निर्देश पर प्रभारी नपाध्यक्ष व सीएमओ के नेतृत्व में चल रहा अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

आगामी वर्षाकाल को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर में विशेष नाला एवं नाली सफाई अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश तथा डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी नगर पालिका अध्यक्ष अंजली शर्मा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया के नेतृत्व में शहर के प्रमुख नालों और नालियों की युद्धस्तर पर सफाई कराई जा रही है, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत मिल सके। नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण एवं नाली सफाई अभियान के तहत बुधवार को शहर के विभिन्न वार्डों में व्यापक सफाई कार्य किया गया। इस दौरान वार्ड क्रमांक 23 स्थित डॉ. खान की गली में लगभग 200 मीटर लंबी नाली की सफाई कराई गई। वहीं बंडा नहर क्षेत्र एवं उसके आसपास सड़क किनारे जमा गंदगी को हटाकर साफ-सफाई की गई। नगर पालिका अमले ने पुराना बस स्टैंड स्थित मांस मंडी क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाते हुए धुलाई कराई। साथ ही गांधी चौराहे पर स्थित सार्वजनिक शौचालय की भी साफ-सफाई कराई गई। वार्ड क्रमांक 24 के प्रजापति मोहल्ले में लगभग 300 मीटर लंबी नाली की सफाई कर जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाया गया। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 16 स्थित सूर्य सागर स्कूल के पास पुलिया को खोलकर उसमें जमा गाद और कचरे को हटाया गया। शहर के अन्य वार्डों में भी नालियों की सफाई कराई गई तथा सफाई के दौरान निकले कचरे को तत्काल उठवाकर उसका उचित निस्तारण कराया गया। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि वर्षा ऋतु के पूर्व जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। प्रशासन का उद्देश्य है कि शहर में कहीं भी जलभराव की स्थिति निर्मित न हो तथा नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।






## लक्ष्मणपुरा पहाड़ी पर जुआ फड़ पर पुलिस का छापा, चार जुआरी गिरफ्तार

**22 हजार रुपए नकद, तीन बाइक व दो मोबाइल जब्त, 2.28 लाख रुपए का माल बरामद**

**टीकमगढ़।** जिले में अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुड़ेरा थाना पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जुआ फड़ पर दबिश देकर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने नकदी सहित कुल 2 लाख 28 हजार 400 रुपये मूल्य का सामान जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को मुखबिर तंत्र मजबूत करने और अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में बुड़ेरा थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि लक्ष्मणपुरा पहाड़ी क्षेत्र के समीप स्थित एक खेत में कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की पुष्टि होने के बाद थाना बुड़ेरा पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की और चार आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में रामकिशोर सैनी निवासी लार, ओमप्रकाश कुंभार निवासी तालमऊ थाना बल्देवगढ़, सोनू अहिरवार निवासी लक्ष्मणपुरा हाल बल्देवगढ़ तथा हरबल रैकवार निवासी नन्हीटेहरी थाना बुड़ेरा शामिल हैं।



पुलिस ने मौके से 22 हजार 400 रुपये नकद, तीन मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जब्त सामग्री की कुल कीमत 2 लाख 28 हजार 400 रुपये आंकी गई है। आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट की धारा 13 में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है तथा दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बुड़ेरा बृजेन्द्र सिंह घोष, प्रधान आरक्षक हर्षप्रद राजपूत एवं अमरनाथ अहिरवार, आरक्षक जितेन्द्र चंदेल, कृपि प्रताप सिंह, चन्द्रभान राजपूत, राहुल समाधिया आदि की रही भूमिका।

## मजनू अभियान: स्कूलों-कोचिंग सेंटरों पर पुलिस की सख्त निगरानी

**संदिग्ध युवकों से पूछताछ, छात्राओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने दिया जागरूकता संदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा



पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से थाना पलेरा पुलिस द्वारा नगर में विशेष मजनू अभियान चलाया गया। अभियान के तहत थाना प्रभारी प्रीति भार्गव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्कूलों, कोचिंग सेंटरों, मंदिरों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों के आसपास सघन निगरानी रखी। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर संदिग्ध एवं आवारा किस्म के घूमते पाए गए युवकों की पहचान कर उनसे पूछताछ की गई। पुलिस ने ऐसे युवकों को समझाइश देते हुए भविष्य में किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि से दूर रहने की हिदायत दी। कुछ मामलों में संबंधित युवकों के परिजनों को भी जानकारी देकर आवश्यक चेतावनी दी गई। पुलिस टीम ने नगर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण कर वहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद किया। इस दौरान विद्यार्थियों को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं तथा किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए जागरूक किया गया। थाना प्रभारी प्रीति भार्गव ने कहा कि महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर ऐसे अभियान चलाए जा रहे हैं, जिससे असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके और आम नागरिकों में सुरक्षा का वातावरण बना रहे। पुलिस की इस कार्रवाई को नगरवासियों ने सकारात्मक पहल बताते हुए सराहना की। लोगों का कहना है कि स्कूलों और कोचिंग संस्थानों के आसपास पुलिस की नियमित निगरानी से छात्राओं एवं महिलाओं में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

### दिगौड़ा-जतारा मार्ग पर राजस्व टीम की दबिश

## बिना रॉयल्टी गिट्टी ले जाता डंपर तहसीलदार ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के दिगौड़ा-जतारा मार्ग पर अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ राजस्व विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गिट्टी से भरे एक डंपर को पकड़ लिया। जांच के दौरान वाहन चालक परिवहन संबंधी रॉयल्टी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद डंपर को जब्त कर दिगौड़ा पुलिस की अभिरक्षा में सौंप दिया गया। मामले की अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 12 बजे दिगौड़ा-जतारा मार्ग पर तालाब के पास दिगौड़ा तहसीलदार प्राची जैन ने राजस्व अमले के साथ वाहनों की जांच की। इसी दौरान गिट्टी से भरे एक डंपर को रोककर उसके दस्तावेजों की जांच की गई। पूछताछ के दौरान चालक रामजी यादव निवासी मोंगना से खनिज




परिवहन की रॉयल्टी एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह मौके पर कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। दस्तावेज नहीं मिलने पर दिगौड़ा तहसीलदार जैन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए डंपर को जब्त कर दिगौड़ा थाना पुलिस की अभिरक्षा में खड़ा करा दिया। बताया जा रहा है कि उक्त डंपर टीकमगढ़ क्षेत्र के कुंवरपुरा रोड निवासी उमेश यादव का है और कुंवरपुरा स्थित क्रेशर से गिट्टी लेकर दिगौड़ा क्षेत्र की ओर जा रहा था। उक्त खनिज के अवैध परिवहन की सूचना मिलने पर राजस्व विभाग ने घेराबंदी कर कार्रवाई को अंजाम दिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से अवैध खनिज परिवहन से जुड़े लोगों में हड़कंप की स्थिति बन गई। राजस्व अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा नियमानुसार आगे की कार्रवाई के लिए प्रकरण कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### गोदाम मैनेजर ने गेहूं रखने से मना किया, सोसायटी प्रबंधक बोले वापस ले जाएं गेहूं

# फजीहत से बचने पहले अतिरिक्त कांटे लगाकर खरीदा गेंहू, अब कर रहे फेल!

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



जिस सलमानिया सायलों सेंटर पर कोटा पूरा होने के कारण खरीद बंद की गई थी उस केंद्र पर प्रशासन ने किसानों के विरोध प्रदर्शन के बाद अतिरिक्त काटे लगाकर गेहू की खरीद कराई थी तब सेंकड़ों ट्रॉली गेहूं उक्त कांटे पर तुलाई करा दी गई, लेकिन अब उक्त किसानों के गेहू को गुणवत्ता युक्त ना मानते हुए फेल किया जा रहा है, जिसके चलते गुरुवार को किसानों ने जमकर हंगामा किया और खरीदे गए माल का तत्काल भुगतान करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि अगर किसानों को बेची गई फसल का भुगतान नहीं हुआ तो वह बड़ा आंदोलन करने को मजबूर हो जायेंगे।

शासकीय समर्थन मूल्य पर खरीदी गई फसल का पेमेंट किसानों के बैंक खातों में आना शुरू हो गया है. अधिकतर किसानों को बेची गई फसल का भुगतान मिल चुका है लेकिन सायलों सेंटर पर जो अतिरिक्त कांटे लगाकर खरीद करवाई गई थी उनमें से कई किसानों के खातों में राशि नहीं डाली गई जब सोसाइटी प्रबंधक से पूंछा गया तो उसने खरीदा गया गेहूं को फैल होना बताकर वापस उठा लेने जाने की बात कह दी जिससे हंगामा हो गया किसानों ने विरोध करते हुए नारे बाजी की और खरीदे गए गेहूं को तत्काल गोदाम में रखवाने व खरीद का भुगतान करने की मांग की किसानों का कहना था कि अधिकारी उन्हें जानबूझकर परेशान कर रहे हैं उधर समिति प्रबंधकों का कहना था कि जब तक माल गोदाम में जमा नहीं होगा तब तक पेमेंट नहीं होगा और गोदाम वालों ने माल को गुणवत्ता मानक पर खरा नहीं उतरने की बात पहले ही बताते हुए बोल दिया है की गेहूं गुणवत्ता युक्त होगा तभी गोदाम में रखा जा सकेगा. जिसको लेकर किसानों में भय व्याप्त हो गया है कि क्या उन्हें अपना बेचा हुआ गेहूं वापस उठाना पड़ेगा? हालांकि बाद में प्रशासन की ओर से आश्वासन मिला है कि बेचा गया माल गोदाम में जमा करने के बाद उनके खातों में भुगतान डाल दी जाएगी।

### फरमानः वापस ले जाना पड़ सकता है गेहूं

गोदाम के मैनेजर ने गेहूं को गोदाम के भीतर लेने से यह कहते हुए मना कर दिया है कि वह गुणवत्ता आधारित गेहूं नहीं है गेहूं में चमक कम है मिट्टी अधिक है जब तक गेहूं में सुधार नहीं होगा वह इसे गोदाम के भीतर नहीं लेंगे इसके बाद किसानों से गेहूं साफ करने और बेचे गए गेहूं के बदले दूसरा गेहूं लाकर रखने को बोला जा रहा है। अब किसान वहां पर एक गेहूं को बदलकर दूसरा गेहूं कहां से लाकर दें बार-बार गेहूं को बदलने में हो रही परेशानी से किसानभी अजिज आ चुका है. किसानों ने बोल दिया कि जो गेहूं उनसे खरीदा गया है वह गुणवत्ता युक्त है और चेक करने के बाद ही खरीदा गया है, अब व्यवसायो ने दोबारा किसी तरह का परीक्षण अपने गेहूं का नहीं कर सकते हैं।

### साइलो फुल होने पर की थी सोसायटियों ने खरीद

दरअसल इस बार सरकार ने साइलो सेंटर पर भी खरीद करवाई थी लेकिन साईलों सेंटर पर निर्धारित कोटे अनुसार खरीद पूरी हो जाने पर खरीद बंद कर दी गई क्योंकि साईलों पर किसानों का गेहूं कटोत्रा के नाम पर काटा नहीं जा रहा था और वहां मशीनों से काम होने के कारण समय अधिक नहीं लगता था जिससे किसान सायलो सेंटर पर ही फसल बेचने अधिक जा रहे थे लेकिन कोटा पूरा होने के बाद साईलों केंद्र संचालक ने खरीद बंद कर दी बाद में वहां खड़ी सैकड़ो ट्रॉली गेहूं तुलाई की समस्या आ गई बाद में कलेक्टर के निर्देश पर वहां पर जो सोसाइटियों के कांटे लगाए गए जिन्होंने गेहूं की खरीद तो कर ली लेकिन अब उसे गोदाम में पहुंचाना मुश्किल काम हो रहा है क्योंकि गोदाम संचालक ने गेहूं को गुणवत्ता युक्त नहीं माना है।

### पेमेंट खाते में नहीं आया...

मेरे पास बहुत से किसान आए थे, और कई किसानों ने अपने मोबाइल से कॉल कर बताया कि उनकी फसल खरीद तो ली गई है, लेकिन पेमेंट खातों में नहीं आया है। मैंने जब समिति प्रबंधकों से पूछा तो उन्होंने बताया कि गोदाम संचालक ने गेहूं को अमानक बताकर गोदाम में नहीं रखने की बात बोली है। इसलिए पेमेंट नहीं पहुंचा है। अगर किसानों के खातों में एक-दो दिन में ही पैसा नहीं आता है तो बड़ी संख्या में किसानों को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा

**राधेश्याम मूंडला**
**किसान नेता श्योपुर**

किसानों का गेहूं गोदाम में रखने से मना नहीं किया गया है, सिर्फ उन्हें बताया गया है कि जो कचरा अधिक दिखाई दे रहा है उसे छलना लगाकर साफ कर लें और अगर घर पर अच्छा गेहूं रखा है तो उसे उक्त गेहूं से बदल लें। जिस किसान से गेहूं खरीद की है उसका भुगतान जल्द किया जाएगा।

**विजय शाक्य**
**प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी,श्योपुर**

### पकड़े गए दोनों ट्रैक्टर चालक बडौदियाबिंदी गांव के निवासी

# अवैध रेत को लेकर देहात थाना पुलिस की कार्रवाई, रेत से भरी दो ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




देहात थाना पुलिस ने अवैध रेत को लेकर एक बडी कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर ट्रॉलियो को पकडने में कामयाबी हांसिल की है। पकड़ी गई दोनों ट्रैक्टर ट्रॉली में पार्वती नदी की रेत भरी थी,जो अवैध रूप से नदी से निकालकर लाई जा रही थी। पुलिस ने दोनो ट्रैक्टर ट्रॉलियो को जब्त करने के बाद देहात थाना परिसर में रखवा दिया है,वहीं इनके चालको के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। अवैध रेत के साथ पकडे.गए दोनों ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक बडौदिया बिंदी गांव के निवासी है।

देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि इन दिनों पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में अवैध रेत कारोबार को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर अवैध रेत से भरी दो ट्रैक्टर ट्रॉलियो को पकडा गया है। एक ट्रैक्टर ट्रॉली तो कूंडहवेली के पास रोड से पकडी गई है। जबकि दूसरी ट्रैक्टर ट्रॉली कनापुरा तिराहे से पकडी गई है। जब दोनो ट्रैक्टर ट्रॉली को अलग अलग समय पर रोककर उनके चालको से ट्रॉली में भरी रेत से संबंधित जरूरी दस्तावेज मांगे गए थे वे जरूरी दस्तावेज नहीं दिखा सके। इसलिए दोनो ट्रैक्टर ट्रॉलियो को मय रेत सहित जब्त करके थाने में रखवा दिया है। इस मामले में एक ट्रैक्टर का चालक दिलखुश पुत्र गिरधारी मीणा निवासी बडौदियाबिंदी तथा दूसरे ट्रैक्टर चालक का नाम नीतेश पुत्र मुरारीलाल मीणा निवासी बडौदियाबिंदी बताया गया है। पुलिस ने दोनो ट्रैक्टर चालकों पर मामला दर्ज कर लिया है।

### भागवत कथा के सातवें दिन प्रसंगों को सुनकर श्रोता हुए भाव-विभोर

# सच्ची भक्ति और प्रेम के आगे धन-दौलत का कोई महत्व नहीं:महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



रघुनाथपुर कस्बे में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास पूज्य श्री संकादिक महाराज ने अपने श्रीमुख से भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। इस दौरान कथा व्यास महाराज ने कथा में भगवान श्रीकृष्ण के 16,108 विवाह प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि भगवान अपने भक्तों के उद्धार एवं धर्म की स्थापना के लिए विभिन्न लीलाएं करते हैं। कथा के दौरान पांडवों द्वारा संपन्न किए गए राजसूय यज्ञ का प्रसंग सुनाया गया। महाराज श्री ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं सेवक भाव धारण कर यज्ञ में अतिथियों की जूठी पत्तल उठाने का कार्य किया, जिससे उन्होंने सेवा, विनम्रता और अहंकार त्याग का संदेश दिया। इसके पश्चात भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र ब्राह्मण सुदामा की मार्मिक कथा का वर्णन किया गया। कथा व्यास पूज्य संकादिक महाराज ने कहा कि भगवान ने निर्धन सुदामा को गले लगाकर यह सिद्ध कर दिया कि सच्ची भक्ति और प्रेम के आगे धन-दौलत का कोई महत्व नहीं है। इसी कारण भगवान को दीनबंधु कहा जाता है, जो अपने भक्तों के दुःखों का हरण करते हैं। कथा के अंत में महाराज श्री ने श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से राजा परीक्षित के उद्धार का प्रसंग सुनाया। कथा समाप्ति पर पूरे पंडाल में ₹राधे-राधे₹ और ₹जय श्रीकृष्ण₹ के जयघोष गूंज उठे, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर पूज्य संकादिक महाराज ने रघुनाथपुर बालिका संकीर्तन मंडल के उत्कृष्ट धार्मिक एवं सांस्कृतिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# सिर्फ पौधा लगाना काफी नहीं, उसका संरक्षण करना भी बहुत जरूरी: रंधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




भारत विकास परिषद श्योपुर ने बुधवार की रात्रि में श्रीराम धर्मशाला में पर्यावरण गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में पर्यावरण के बिगड़ते संतुलन और उसके संरक्षण के उपायों पर गहन मंथन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीएफओ केएस रंधा ने कहा कि वनों की कटाई के कारण पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है, जिससे अनियंत्रित मौसम और जल संकट जैसी स्थितियां पैदा हो रही हैं। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा, हमें केवल औपचारिकता के लिए पौधे नहीं लगाने चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम जो भी पौधा रोपें, उसके पेड़ बनने तक उसकी पूरी देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी भी लें। हर व्यक्ति को अपने जीवन के विशेष अवसरों पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं पूरी दुनिया के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, प्रकृति बचेगी, तभी मानव का अस्तित्व सुरक्षित रहेगा। जल, जंगल और जमीन का संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक का मौलिक कर्तव्य है। गोष्ठी के समापन पर भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान परिषद के संयोजक अधिवक्ता सुरेश अग्रवाल, अध्यक्ष तुलसीराम गोयल, सचिव अधिवक्ता मुरलीधर सोनी, समाजसेवी रामअवतार शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक गिर्राज सर्राफ, संस्था के अन्य सदस्य, गणमान्य नागरिक और पर्यावरण प्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश खंडेलवाल तथा आभार प्रदर्शन पर्यावरण संयोजक शंभूदयाल शर्मा ने किया।

# आसीदा में दो परिवारों के बीच झगडा,क्रॉस केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

देहात थाना क्षेत्र के ग्राम आसीदा में गुरूवार की सुबह दो पडौसी परिवार के लोगो के बीच विवाद हो गया। विवाद घर बनाने के सामान रखने की बात को लेकर हुआ। विवाद के दौरान दोनो तरफ से लातघूसे और डंडे चल गए। विवाद के दौरान दोनो तरफ से चार लोग जख्मी हुए है। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया, पुलिस ने क्रॉस मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि विवाद के दौरान एक पक्ष से आकाश शर्मा और उसका पिता सर्वसुख शर्मा जख्मी हुए है। वहीं दूसरी तरफ से बालिका ज्योति मीणा और जितेन्द्र मीणा जख्मी हुए है। दोनो पक्ष के घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भेजा गया। देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि आकाश पुत्र सर्वसुख शर्मा की रिपोर्ट पर गिर्राज मीणा, श्यामसुंदर उर्फ गोलू मीणा, जितेन्द्र मीणा के खिलाफ तथा गिर्राज मीणा पुत्र रामकुमार मीणा की रिपोर्ट पर सर्वसुख शर्मा, आकाश शर्मा, त्रिलोक शर्मा के खिलाफ मारपीट की धाराओ के तहत क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

### सामान उधार न देने पर दुकानदार को पीटा

विजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम इकलौद में एक दुकानदार की उधार सामान न देने की बात पर नामजद आरोपी ने मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि इस मामल में दुकानदार पुरूषोत्तम पुत्र रामस्वरूप गर्ग की रिपोर्ट पर संतोष राठौर के खिलाफ मारपीट की धाराओ के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# नाला हुआ ओवर फ्लो, वार्डवासी बोले अनदेखी कर रही नगर पालिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देश पर शहर में जल भराव की स्थिति से निपटने के उद्देश्य से मानसून पूर्व हो रही नालों की सफाई के बीच वार्ड क्रमांक 4 और 6 में बना नाला ऐसा ओवरफ्लो हुआ कि बस्ती तालाब बन गई. वार्ड वासियो ने इसे नगरपालिका पर भेदभाव के साथ सफाई करने का आरोप लगाया है.

समाजसेवी राजू मेव और आरिफ खान ने इस संबंध में नपाध्यक्ष को आवेदन देकर नाले की सफाई कराने की मांग की है. आवेदन में उल्लेख किया है कि वार्ड नंबर 6 में 4 के बीच में स्थित नाला वह सफाई नहीं होने से ओवरफ्लो होकर रोड पर बह रहा है. जिससे लोगों का पैदल निकलना मुश्किल हो रहा है बच्चे भी घरों में अंदर कैद हो गए हैं. नगर पालिका में कई बार शिकायत करने के बाद भी नगर पालिका कर्मचारियों की मनमानी के चलते हैं ना तो नाले की सफाई हो रही है कर्मचारी सफाई में भी भेदभाव बरत रहे हैं. नपाध्यक्ष रेनू राठौर ने एचओ को निर्देशित किया कि वह तत्काल उक्त नाले की सफाई कराए.

### लोग बोले: बिना नंबर दौड़ रहे रेत वाहनों को छोड़ किसानों पर कार्रवाई अनुचित

# बिना नंबर के वाहनों पर कार्रवाई के नाम पर आरटीओ टीम ने पकड़ी किसानों की ट्रैक्टर ट्रॉलियां, भड़के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



आरटीओ विभाग की टीम के द्वारा बुधवार की शाम को शहर के पाली रोड क्षेत्र में बिना नंबर के वाहनों पर की गई कार्रवाई उस समय विवादो में आ गई,जब टीम ने श्योपुर मंडी से फसल बेचकर लौट रहे किसानों की ट्रैक्टर ट्रॉलियों को पकडकर देहात थाने में रखवा दिया। इनमें से कई किसानों की ट्रैक्टर ट्रॉलियों को गुरूवार की शाम तक भी नहीं छोडा। इसका कारण जानने के लिए जब किसान नेताओ सहित भाजपा नेताओ ने आरटीओ को फोन लगाए तो उनके फोन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने नहीं उठाए। इसको लेकर किसानों के समर्थन में उतरे भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर सिंह मीणा सहित अन्य कई किसान संगठनों से जुडे.लोग भड़क गए। उनका कहना था कि जिले की सडकों पर बिना नंबर के डंपर और ट्रैक्टर ट्रॉलियां अवैध रेत लेकर धडल्ले से दौड रही है। जिन्हें पकडने के बजाए आरटीओ टीम अपना टारगेट किसानों की ट्रैक्टर ट्रॉलियो को पकडकर पूरा कर रही है। जो सरासर अनुचित है। इस कार्रवाई से किसान बेवजह परेशान हो रहे है।

दरअसल सभी जिलो के परिवहन विभाग के अधिकारियों को बिना नंबर दौड रहे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश शासन स्तर से दिए गए है। इन्ही निर्देशों का पालन करते हुए श्योपुर के आरटीओ विभाग की टीम बुधवार की शाम को पुलिस को साथ लेकर शहर के पाली रोड पर देहात थाने के समीप कार्रवाई करने के लिए बैठ गई। इस दौरान आरटीओ की टीम ने उन किसानों की बिना नंबर की ट्रैक्टर ट्रॉलियो को पकडकर देहात थाने में रखवा दिया, जो श्योपुर मंडी में फसल बेचकर वापस अपने अपने गांव लौट रहे थे।

### न टीम आई, न किसी ने उठाया फोन,परेशान होते रहे किसान

हालांकि आरटीओ टीम के लोगो ने कुछ किसानों के ट्रैक्टर ट्रॉलियो का जुर्माना करके छोड दिया,लेकिन कई ट्रैक्टर ट्रॉलियो को टीम के लोगो ने यह कहते हुए देहात थाने में रखवा दिया कि अब इन्हें गुरूवार की सुबह कार्रवाई करके छोडा जाएगा। जिसके बाद गुरूवार की सुबह पकडी गई ट्रैक्टर ट्रॉलियो के मालिक किसान देहात थाने पहुंच गए,लेकिन वहां उन्हें शाम तक न तो आरटीओ टीम मिली और न ही आरटीओ विभाग के किसी अधिकारी ने फोन उठाए। ऐसी स्थिति में किसान दिनभर परेशान होते रहे और उनकी सुनवाई करने वाला कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। जब परेशान किसानों ने किसान संगठनों सहित भाजपा के नेताओ को यह समस्या बताई तो वे देहात थाने पहुंचे और उन्होने देहात थाना प्रभारी से इन ट्रैक्टर ट्रॉलियो को छोडने के लिए कहा तो उन्होने कहा कि यह कार्रवाई आरटीओ विभाग की है, इसलिए आरटीओ विभाग के अधिकारी ही इन्हें छोड पाएंगे हम नहीं। उधर आरटीओ रंजना कुशवाह से इस संबंध में चर्चा करने के लिए उनके मोबाइल नंबर पर कॉल किया गया,लेकिन उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया।



### किसानों को परेशान करने वाली कार्रवाई...

आरटीओ टीम की यह कार्रवाई किसानों को परेशान करने और भाजपा सरकार की छवि को खराब करने वाली है। इस मामले में आरटीओ विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे हैं। यह स्थिति किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी,इसकी जानकारी जिला प्रशासन और शासन स्तर पर बताई जाएगी और गैर जिम्मेदार अधिकारियों को जिले से बाहर भेजने के लिए कहेंगे।

**संजय मंगल**
**नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा**

बुधवार को मंडी में फसल बैचकर ट्रैक्टर ट्रॉली से वापस गांव लौट रहे थे,तभी हमारी ट्रैक्टर ट्रॉली को पाली रोड पर यह कहते हुए पकड़कर देहात थाने में रखवा दिया कि तुम्हारे ट्रैक्टर पर नंबर नहीं है। सुबह नंबर डलेंगे,इसके बाद तुम ट्रैक्टर ले जाना। अब हम दूसरे दिन सुबह से लेकर शाम तक देहात थाने में चक्कर लगा रहे हैं लेकिन हमारी कोई सुनने वाला नहीं है।

**रमेश मीणा**
**किसान जावदेश्वर**

बिना नंबर के कई बडे.वाहन दौड रहे हैं,जिन्हें छोडकर किसानो की ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर कार्रवाई करना किसानों को बिना वजह परेशान करना ही है। यदि आरटीओ विभाग को इस तरह की कार्रवाई करना है तो इसके पहले किसानों को जागरूक करें,इसके बाद ही इस तरह की कार्रवाई करें। किसानों को इस तरह परेशान नहीं होने दिया जाएगा और इस मामले को लेकर कलेक्टर से शिकायत करेंगे।

**नरेन्द्र सिंह चौधरी**
**जिलाध्यक्ष भारतीय किसान संघ,श्योपुर**

# सीएमओ को आवेदन देकर पार्षद बोले: मेले में लूटे जा रहे हैं सैलानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नगर पालिका में पार्षद सलाउद्दीन बेलिम और पार्षद प्रतिनिधि महावीर वाल्मीकि ने सीएमओ आरआर यादव को आवेदन सौंपते हुए उनका ध्यान मेले में सैलानियों के साथ मेला व्यवसाइयों द्वारा छल कपट कर लूट करने की घटना की ओर आकर्षित कराते हुए इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर रोकने की मांग की है।

सीएमओ को दिए आवेदन में पार्षद ने बताया कि मेले में झूले व्यवसाई द्वारा सैलानियों को लूटने का ट्रेंड पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी जारी रखे हुए हैं. पिछले वर्ष भी कई सैलानियों को लूटा गया था इस साल भी लूटा जा रहा है जितने भी झूले संचालित हो रहे हैं वहां पर योजना बद्ध तरीके से गेंग बैठाई हुई है. जो सैलानियों से बड़े नोट लेकर छोटे नोट देते समय हाथ की सफाई दिखाकर नोट वापस खींच लेती है इस तरह के छल कपट के शिकार कई लोग हो चुके हैं जिससे नगर पालिका परिषद की बदनामी हो रही है सैलानियों के साथ हाथ की सफाई दिखाकर लूट खसोट करने वालों पर कार्रवाई की जाए अगर इस मामले में मेला ठेकेदार की संलिप्तता मिले तो मेले का ठेका भी तत्काल निरस्त करते हुए संबंधितों पर एफआईआर कराई जाए. सीएमओ ने इस मामले जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# राशन दुकान विक्रेता पर फर्जी बीपीएल राशन कार्ड बनाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जनपद पंचायत श्योपुर की ग्राम पंचायत नंदापुर की राशन दुकान विक्रेता पर वहीं के एक व्यक्ति ने फर्जी तरीके से बीपीएल राशन कार्ड बना लेने का आरोप लगाते हुए श्योपुर तहसीलदार से मामले की शिकायत की है। शिकायतकर्ता लोकेश गुर्जर पुत्र हीरालाल गुर्जर निवासी नंदापुर ने तहसीलदार श्योपुर से की शिकायत में बताया है कि पूजा गुर्जर नामक महिला पिछले करीब 8 सालों से ग्राम पंचायत नंदापुर में राशन विक्रेता है।जिसने फर्जी तरीके से अपना बीपीएल राशन कार्ड बनवा रखा है। जो कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के नियमो के खिलाफ है। शिकायतकर्ता ने इसी बीपीएल कार्ड के जरिए आंगनवाडी कार्यकर्ता की नौकरी हथिया लेने की आशंका भी जाहिर करते हुए मामले में कार्रवाई करने की मांग की है।

**खबर संक्षेप**

## जेल में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ

**अशोकनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में व सचिव मनीष अनुरागी की उपस्थिति में जिला जेल अशोकनगर का निरीक्षण, बंदियों से व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान निरूद्ध बंदियों से उनके अधिवक्ताओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर बताया गया कि यदि किसी बंदी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। साथ ही बंदियों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई व बताया गया कि प्रत्येक बंदी को अपने अधिकार और कानूनी सलाह, विधिक सहायता के माध्यम से प्राप्त करने का अधिकार है। बंदियों को प्लीबार्गेनिंग योजना के संबंध में भी जानकारी दी गई। साथ ही बंदियों से उनके स्वास्थ्य, खान-पान एवं प्रकरणों की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली गई। बंदियों से अपील की गई कि जेल सुधार गृह है। यहां रहने के दौरान आत्ममंथन और चिंतन करने की जरूरत है। मन में हताशा एवं निराशा के भाव नहीं रखना चाहिए। जिससे यहां से निकलने के बाद वे समाज में अच्छे नागरिक होने का दायित्व निभा सकें। इसी क्रम में जिला जेल की पाकशाला, लाइब्रेरी, वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष एवं जेल परिसर आदि का निरीक्षण किया गया।इस अवसर पर उक्त शिविर में जेल स्टाफ उपस्थित रहे।


## मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंदसौर मिल क्षेत्र निवासी सुनील रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रिंस अहिरवार और अनमोल बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डंगोरा फूट निवासी भूपेन्द्र रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रघुराज रघुवंशी ने बोर से पानी भरने की बात पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी हरिसिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दसरथ आदिवासी ने पेड़ काटने की बात पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टकनेरा निवासी शीलकुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अभिषेक यादव और दीपेन्द्र यादव ने फरियादी की बहन से मारपीट की और उसका मोबाइल तोड़ दिया। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हसारी निवासी पूजा लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पिल्लू बाई और वर्षा बाई अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नावनी निवासी मीराबाई बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मन्ना बंजारा,लालाराम राजू बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत रूपनगर बहेरिया निवासी बिक्रांत उज्जैनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### प्रो-एक्टिव पुलिसिंग का असर: पुलिस ने वारदात से पहले ही नाकाम किया बड़ा अपराध

# ज्वेलर्स एवं पेट्रोल पंप पर डकैती की योजना बनाते पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

ज्वेलर्स एवं पेट्रोल पंप पर डकैती की योजना बनाते हुए 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से डकैती में अंजाम देने वाले औजार बरामद किए हैं। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपराध घटित होने के बाद कार्रवाई करने के बजाय प्रो-एक्टिव पुलिसिंग अपनाते हुए अपराधों की पूर्व रोकथाम, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी बीना के नेतृत्व में थाना बीना पुलिस ने एक बड़ी सफलता अर्जित करते हुए डकैती की योजना बना रहे पांच शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर संभावित गंभीर वारदात को होने से पहले ही विफल कर दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि रात्रि में थाना बीना पुलिस द्वारा क्षेत्र में सघन भ्रमण एवं संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी की जा रही थी। इसी दौरान एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति मालखेड़ी रोड स्थित अनिल इंडस्ट्रीज की खाली बैरक के बाहर एकत्र होकर किसी बड़ी चोरी एवं डकैती की योजना बना रहे हैं।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने स्वतंत्र साक्षियों के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। वहां पांच व्यक्ति झुंड बनाकर बैठे हुए मिले, जो आपस में बीना नगर स्थित एक ज्वेलर्स एवं एक पेट्रोल पंप में चोरी एवं डकैती की योजना पर चर्चा कर रहे थे। पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को मौके पर पकड़ लिया गया तथा उनकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से चोरी एवं डकैती की वारदात में प्रयुक्त किए जाने वाले विभिन्न उपकरण, हथियार एवं अन्य सामग्री बरामद की गई।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे ज्वेलर्स एवं पेट्रोल पंप को निशाना बनाकर चोरी एवं डकैती की वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। आरोपियों का कृत्य प्रथम दृष्टया अपराध की तैयारी एवं षड्यंत्र की श्रेणी में पाए जाने पर उनके विरुद्ध थाना बीना में धारा 310(4), 310(5) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार हुए आरोपियों में लखा सिंह पारदी पिता राजा पारदी उम्र 22 वर्ष, निवासी मुरादपुर थाना धरनावदा, जिला गुना, कुलदीप मोगिया पिता सेसन मोगिया उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम सेरोषड़ा थाना सुभाषपुरा, जिला शिवपुरी, मंदू उर्फ नंदकिशोर पारदी पिता उम्मेद सिंह पारदी उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम कनेरा, थाना धरनावदा जिला गुना, तारा सिंह पारदी पिता बनारस पारदी उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम मुरादपुर, थाना धरनावदा जिला गुना एवं गजराज सिंह पारदी पिता ज्वाला सिंह पारदी उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम मुरादपुर, थाना धरनावदा जिला गुना को गिरफ्तार किया है।

### जब्त सामग्रीः आरोपियों के पास चाकू, तीन गुलेल मिले

मिर्ची पाउडर, दो हाईड्रोलिक कटर, चार पेंचकस, दो तोता पाना, दो कील निकालने के पाना, पत्थर के टुकड़े, कपड़े एवं तौलिए सहित अन्य सामग्री बरामद किए गए हैं। सराहनीय भूमिका- उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप यादव, उप निरीक्षक लखन राज, उप निरीक्षक आरके जोरम, उप निरीक्षक जय सिंह, सहायक उप निरीक्षक शिखरचंद, प्रधान आरक्षक संजय बेन तथा आरक्षक प्रेमजीत सिंह, अजय कुमार, अनिल जाटव, दीप सिंह, जितेन्द्र चंद्रवंशी, युधिष्ठिर, बाबूलाल, प्रमोद, नीरज सिंह, संदीप यादव एवं नरेन्द्र की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

### पांच माह से प्रदेश में प्रथम स्थान पर बरकरार

# अशोकनगर पुलिस सीसीटीएनएस रैंकिंग में प्रदेश में आई अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी माह मई 2026 की सीसीटीएनएस रैंकिंग में जिला अशोकनगर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगातार पांचवी बार पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

उल्लेखनीय है कि जिला अशोकनगर विगत पांच माह से लगातार इस रैंकिंग में शीर्ष स्थान बनाए हुए है। यह उपलब्धि पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व, प्रभावी मॉनिटरिंग एवं सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। यह उपलब्धि केवल विभागीय कार्यकुशलता का प्रतीक नहीं, बल्कि नागरिकों को प्रदान की जा रही सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित पुलिस सेवाओं का प्रमाण है। पुलिस द्वारा तकनीक के प्रभावी उपयोग से पारंपरिक पुलिसिंग की सीमाओं को समाप्त कर सेवाओं को आमजन के मोबाइल तक पहुंचाया गया है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश प्रदान किए गए थे कि थाना स्तर पर पंजीबद्ध अपराधों, विवेचना, आरोपियों, गवाहों, जब्ती, निराकरण एवं अन्य विधिक कार्रवाई से संबंधित सभी जानकारी सीसीटीएनएस सॉफ्टवेयर में उपयुक्त, शुद्ध एवं तथ्यात्मक रूप से एवं समय पर दर्ज की जाए। साथ ही डाटा क्वालिटी एवं डाटा क्वांटिटी के मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने हेतु विशेष रूप से जोर दिया गया। सीसीटीएनएस एक अखिल भारतीय परियोजना है जिसके माध्यम से अपराध और अपराधियों का एक राष्ट्रव्यापी डेटाबेस तैयार किया जाता है। थानों के कामकाज को पेपरलेस बनाने और ऑनलाइन निगरानी की सुविधा मिलती है।

### सीसीटीएनएस के माध्यम से नागरिकों को प्राप्त प्रमुख सुविधाएं

अब नागरिक मोबाइल या वाहन चोरी सहित अन्य घटनाओं की रिपोर्ट घर बैठे एमपी व कॉप मोबाइल एप के माध्यम से दर्ज कर सकते हैं। दर्ज रिपोर्ट की डिजिटल कॉपी सभी स्थानों पर मान्य है, जिससे थाने जाने की आवश्यकता समाप्त होती है, साथ ही सायबर फ्रॉड संबंधी एफआईआर की भी सीसीटीएनएस के माध्यम से ही मॉनिटरिंग की जा रही है।

# जबरन स्मार्ट मीटर लगाने व बिल में वृद्धि को लेकर रैली निकाली



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्मार्ट मीटर लगाने,बिजली के निजीकरण एवं बिलों में की जा रही वृद्धि के खिलाफ अंबेडकर पार्क से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। रैली को संबोधित करते हुए बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन के जिला संयोजक सावन बैरागी ने कहा कि बिजली को महंगा करने वाला स्मार्ट मीटर कंपनी के माध्यम से लगाए जा रहे हैं जो अधिक से अधिक आम जनता की जेब खाली करने वाला मीटर है भारत के जिन-जिन राज्यों में चाहे वह उत्तरप्रदेश हो, पश्चिम बंगाल हो, असम हो ,कर्नाटक हो, राजस्थान हो इत्यादि कई राज्यों में स्मार्ट मीटर के दुष्परिणाम आम जनता के सामने आ चुके हैं। इसके बावजूद बिना अनुमति के लोगों के डिजिटल मीटर को स्मार्ट मीटर में बदला जा रहा है। इस मीटर के माध्यम से बिलिंग प्रणाली में टी ओडी प्रणाली, डायनेमिक प्राइसिंग प्रणाली और रियल टाइम मॉनिटरिंग प्रणाली को लागू करना संभव है। इस मीटर को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए नियंत्रित किया जाएगा। नतीजतन इस मीटर के सॉफ्टवेयर को नियंत्रित करने और मीटर रीडिंग को बदलने, वास्तविक बिजली खपत से लेकर कंपनी के लाभ के हितों को इच्छानुसार पूरा करने की पर्याप्त संभावनाएं होंगी। बिजली बिलों का बोझ बहुत बढ़ जाएगा।

वहीं विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5), 55(1), 56 (1) में कहा गया है कि कंपनी ग्राहकों को सही मीटर के ज़रिए ही बिजली वितरित करेगी, और ग्राहकों को भी सही मीटर से बिजली प्राप्त करने का अधिकार दिया गया है। तो फिर मौजूदा डिजिटल मीटर क्यों बदले जाएँगे? जबकि 2 अप्रैल 2026 को संसद में हमारे देश के केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि उपभोक्ताओं पर जबरन स्मार्ट मीटर नहीं थोपे जाएंगे। स्मार्ट मीटर लगाना अनिवार्य नहीं है। यह मीटर केंद्र सरकार की रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत लगाए जा रहे हैं, जो एक योजना है, कोई कानून नहीं। और केंद्र सरकार ने इन मीटरों को लगाने का सिर्फ सुझाव दिया है। बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन की सदस्य राखी ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिल कई गुना बढ़ गए हैं।

**खास बातें**

- स्मार्ट मीटर लगाए जाने कि नीति वापस लो।
- जहां भी स्मार्ट मीटर लगे हैं वहां उपभोक्ताओं के अनुरोध पर सामान्य डिजिटल लगाए जाए।
- बिजली के दामों में की गई वृद्धि वापस लो।
- सभी उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक बिजली बिलों में सब्सिडी।

## विद्यालय संचालन समय में परिवर्तन एवं मूलभूत सुविधाओं की मांग

अशोकनगर। जिले में पड़ रही भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान को ध्यान में रखते हुए आजाद अध्यापक शिक्षक संघ एवं राज्य अध्यापक संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मांग की है कि विद्यालयों का संचालन प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाए, जिससे छात्र- छात्राओं एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश विद्यालयों में पर्याप्त पेयजल व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। भीषण गर्मी के कारण विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई विद्यालयों में बिजली एवं पंखों की भी समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे कक्षाओं में अध्ययन-अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है। संघ ने कलेक्टर से मांग की है कि सभी विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल, बिजली एवं पंखों की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विद्यालय संचालन का समय प्रातः 7 बजे से 12 बजे तक निर्धारित किया जाए। इस संबंध में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भीम सिंह यादव, राज्य अध्यापक संघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह रघुवंशी एवं राज्य अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष रामगोपाल शिवहरे ने संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# दिल्ली से रेल कनेक्टिविटी दिलाएगी विश्व पटल पर पहचानः एएसपी कंवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



अशोकनगर जिला भले ही आकार में छोटा हो, लेकिन धार्मिक और पर्यटन के दृष्टिकोण से इसमें अपार संभावनाएं छिपी हुई हैं। इस क्षेत्र को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने के लिए देश की राजधानी दिल्ली से सीधी रेल सेवा का जुडऩा बेहद जरूरी है। जब तक यह कनेक्टिविटी स्थापित नहीं होती, तब तक जिला अपने पर्यटन और बड़े स्तर के व्यापार का पूर्ण लाभ वैश्विक स्तर पर नहीं उठा पाएगा। यह विचार यहां से स्थानांतरित होकर गए निवर्तमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) गजेंद्र सिंह कंवर ने जिला पत्रकार संघ द्वारा मंगलवार रात्रि में आयोजित अपने विदाई समारोह में व्यक्त किए।

विदाई समारोह में भावुक होते हुए एएसपी कंवर ने कहा कि वे यहां के पत्रकारों से मिले सम्मान और सहयोग से पूरी तरह अभिभूत हैं। उन्होंने स्थानीय मीडिया की सराहना करते हुए कहा यहां के सजग पत्रकारों ने मुझे समय-समय पर क्षेत्र की जमीनी बारीकियों और समस्याओं से अवगत कराया। पत्रकारों द्वारा दिए गए इन सटीक फीडबैक और इनपुट से पुलिस की कार्यप्रणाली को न केवल मजबूती मिली, बल्कि हमें कानून व्यवस्था संभालने में भी बड़ी मदद मिली। उन्होंने याद करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान ऐसी कोई भी जनसुनवाई नहीं रही, जिसमें पत्रकारों की उपस्थिति और सहभागिता न रही हो।

**करीला धाम और चंदेरी के विकास पर रखी राय**

जिले की विकासात्मक गतिविधियों और अपनी उपलब्धियों को साझा करते हुए कंवर ने कहा कि धार्मिक रूप से प्रसिद्ध करीला धाम में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए उनके कार्यकाल में काफी प्रयास किए गए। इसी कड़ी में वहां श्रद्धालुओं और वीआईपी मूवमेंट के लिए स्थायी हेलीपैड का निर्माण भी कराया गया है। वहीं ऐतिहासिक पर्यटन के लिहाज से विश्व प्रसिद्ध चंदेरी में भी विकास कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। इस मौके पर जिला पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी।

**जमीनी विवाद और आपसी सुलह पर जोर**

क्षेत्र की जनसमस्याओं और अपराध के ग्राफ पर चर्चा करते हुए निवर्तमान एएसपी ने बताया कि यहां अमूमन पति-पत्नी के विवाद, घरेलू कलह और जमीन-जायदाद से जुड़े मामले अधिक सामने आते हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसे अधिकांश मामलों को कानूनी पेचीदगियों में उलझाने के बजाय आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया जाता है, जिससे सामाजिक सौहार्द बना रहे। राहत की बात यह है कि क्षेत्र में लॉरेंस जैसे गंभीर या बड़े संगठित अपराधों के मामले न के बराबर सामने आते हैं।

# जेल तालाब की छरार से नाले को बड़ा बनाने के लिए तोड़ी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

नगर परिषद द्वारा मिनी स्मार्ट सिटी द्वारा बनाई गई लाखो रुपये की मजबूत सीसी सड़क को बायबेटर द्वारा खोदा जा रहा है जो बहुत ही मजबूत सड़क बनाई गई थी अब बायबेटर को भी खोदने में पसीना आ रहा है ।

नगर परिषद द्वारा 20 दिनो में मात्र 60 मीटर सीसी सड़क को ही खोद पाया और जो बेस्ट मटेरियल निकला उसको लोगो के दरवाजे पर ही छोड़ दिया जिसमें लोगो के बृद्ध माता पिता बाहर नही निकल पा रहे। एक साल से कुंभकर्ण की नींद सोई नगर परिषद को अब ख्याल आया कि तालाब के पास बाली बस्ती में घरों पर अंदर चार से पांच फॉट पानी हर साल भर जाता है। जब मानसून देहरी पा दस्तक दे रहा है तो नींद से सोई हुई नगर परिषद ने गेती फावड़ा उठाया और सीसी सड़क खोदना प्रारंभ कर दी। सड़क तोड़कर अब बारिश आने का एक सप्ताह से काम बंद कर इंतजार किया जा रहा है। आखिर कब जनता के पैसे का सही कामो में इस्तेमाल होगा बनी हुई मजबूत सड़क को खोदकर कब नया नाला बनाया जाएगा। बार्ड क्रमांक एक के रहवासियों को नगर परिषद से आस उम्मीद टूटती हुई दिखाई दे रही हर साल की तरह इस साल भी तालाब का पानी गलियों में उफान मारेगा।



## क्रांतिकारी जननायक भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित



**ईसागढ़।** देश के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं आदिवासी समाज के गौरव, क्रांतिकारी जननायक भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर श्री सिद्ध बाबा सौंघना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर के तत्वाधान में आदिवासी छात्रावास ईसागढ़ में कार्यक्रम आयोजित किया गया छात्रावास अधीक्षक बीके खंडेले रिटायर शिक्षक शालिग्राम सोलंकी रामा आदिवासी समाजसेवी एवं अन्य साथी उपस्थित रहे सभी वक्ताओं ने उनके संघर्षमय जीवन, देशभक्ति और समाज सुधार के कार्यों को स्मरण करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष करते हुए जल, जंगल और जमीन के अधिकारों के लिए आवाज बुलंद की थी। उनका जीवन समाज के शोषित एवं वंचित वर्गों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर उपस्थित , सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# कमिश्नर ने की राजस्व प्रकरणों की समीक्षा



**अशोकनगर।** कमिश्नर ग्वालियर संभाग मनोज खत्री ने बुधवार को गूगलमीट के माध्यम से जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों विस्तार से समीक्षा की। कमिश्नर ने नामांतरण प्रकरणों की अनुभाग एवं तहसीलवार समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश समस्त एसडीएम तथा तहसीलदार को दिये। उन्होंने सीमांकन के प्रकरणों के संबंध में निर्देश दिये कि प्रत्येक राजस्व अधिकारी क्षेत्रान्तर्गत सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण यथाशीघ्र किया जाएं। उन्होंने प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिये। उन्होंने जिले के मंदिरों में स्थाई एवं अस्थाई पुजारियों की नियुक्ति,नीलामी प्रक्रिया तथा अतिक्रमण के संबंध में विस्तृत चर्चा कर कार्यवाही किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने जिले में खाद वितरण के लिये ई-टोकन प्रणाली के अंतर्गत खाद वितरण की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री केकार्य में और अधिक प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये। अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, बृजविहारी लाल श्रीवास्तव, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी,तहसीलदार भारतेन्दु यादव तथा गूगलमीट से समस्त एसडीएम आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री के नाम 14 सूत्रीय मांगों लेकर कलेक्टर के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा

# आशा व सुपरवाइजर कार्यकर्ता महासंघ ने प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



वुधवार को आशा एवं सुपरवाइजर कार्यकर्ता महासंघ अशोकनगर द्वारा भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष हरि सिंह रघवंशी (हैरी) के नेतृत्व में एवं आशा एवं सुपरवाइजर कार्यकर्ता महासंघ मध्यप्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा पटेल की उपस्थिती मे अशोकनगर कलेक्ट्रेट गेट के सामने 5 घंटे धरना प्रदर्शन कर रैली निकाली और 14 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम द्वारा कलेक्टर के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौपा गया, ज्ञापन का वाचन पूजा पटेल द्वारा किया गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि दिनांक 06 सितम्बर 2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा सुपरवाइजरों की उपस्थिति में निम्नलिखित घोषणाएँ की गई थीं। प्रत्येक आशा कार्यकर्ता एवं आशा सुपरवाइजर को प्रति वर्ष 1000 की वृद्धि प्रदान की जाएगी। जो कि अभी तक आशा कार्यकर्ता को प्रदान नहीं की जा रही है। अतः हम सभी आशा कार्यकर्ता एवं सुपरवाइजर आपसे विनम्र निवेदन करते हैं कि केन्द्र शासन द्वारा आशा कार्यकर्ता को 2000/- प्राप्त होते हैं एवं राज्य शासन के द्वारा 4000/-प्राप्त होते हैं एवं एन.एच.एम. द्वारा अन्य प्रकार का इनसेंटिव प्राप्त होता है। ऐसा करके आशा कार्यकर्ता को तीन प्रकार से मानदेय मिलता है जो कि कई महिनों से आशा कार्यकर्ता एवं सुपरवाईजर को कई महिनों तक प्रोत्साहन राशि नहीं दी जा रही है। जिसके कारण आशा कार्यकर्ता एवं सुपरवाईजर परेशानियों का सामना कर रही है। जब वे अधिकारियों के पास जाती है तो उनके द्वारा कई प्रकार के उन्हें आश्वासन दिये जाते है। उन्हें कभी कहा जाता है कि बजट नहीं है कभी बोलते हैं कि साफ्टवेयर खराब है ऐसे कई प्रकार उन्हें गुमराह किया जाता है जो कि गलत है।

**खास बातें...**

- आशा कार्यकर्ता को न्यूनतम् 18000 आशा सहयोगिनी 24000 प्रतिमाह वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जावे।

2. आशा कार्यकर्ता आशा सहयोगिनी को ईपीएफ एवं ईएसआई के दायरे में लाया जाय साथ ही पेंशन का भुगतान किया जावे।
3. आशा कार्यकर्ता आशा सहयोगिनी को कार्य के दौरान दुर्घटना होने पर अथवा मृत्यु होने पर 05 लाख की राशि का भुगतान बतौर मुआवजा के रूप में किया जावे।
4. आशा कार्यकर्ता आशा सहयोगिनी को रिटायर बेनिफिट के रूप में एक मुश्त 10 लाख की राशि का भुगतान किया जावे।
5. कार्य का बंधन हटाते हुए योग्यताधारी आशा वर्कर्स को एएनएम के पद पर पदोन्नति प्रदान किया जाए।
6. आशा कार्यकर्ता एवं सुपरवाईजर की सेवानिवृत्त की आयु सीमा 65 वर्ष की जावे।
7. आशा कार्यकर्ता को वर्ष में 02 बार गणवेश (यूनिफार्म) उपलब्ध कराया जावे अथवा ड्रेसकोड का भुगतान सुनिश्चित किया जावे।
8. आशा कार्यकर्ता हेतु चिकित्सालयों में विश्रामस्थल की व्यवस्था की जावे।
9. अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए आशा वर्कर्स के द्वारा जारी किए गए सफर/यात्रा हेतु यात्रा भत्ता का भुगतान किया जावे।
10. असंगठित कामगारों हेतु लागू प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन लाभार्थी प्रवेश आयु 18 से 40 वर्ष ही रखी गयी है।